(b) if so, what are the reasons to stop these benefits of employees in view of the adverse effect on Government and other employees' career and work; and

(c) what is the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE): (a) to (c) The National Development Council did not meet in September, 1992. However, certain recommendations on austerity have been made by the NDC-Sub-Committee on Austerity. The implications are under study.

Upgradation of Cities

4230. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI J. S. RAJU:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some cities were upgraded based on Mid-Census by adding 10 per cent to the existing population or by 10 per cent of the shortfall of the requisite population in deciding the status of the cities; and

(b) if so, what is the number of cities that were upgraded based on the above basis during the last 20 years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE): (a) and (b) Based on 1971 census, 31 cities whose population fell short of the requisite mark by 10 per cent as per 1971 census, were pugraded for the purpose of grant of HRA/CCA to the Central Government employees. Like-wise, based on 1981 census, 49 cities were upgraded.

सिक्यूरिटी प्रैस, नासिक का आधुनिकीकरण

4231. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नासिक स्थित सिक्यूरिटी प्रैस का आधुनिकीकरण करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) सरकार ने भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड के आधुनिकीकरण के लिए एक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करवाई है ।

(ख) और (ग) व्यवहार्यता रिपोर्ट की सिफारिशों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड का कार्यकरण

4232. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) किन-किन कारणों से परिकल्पित योजना के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है;

(ख) क्या देश में विभिन्न शेयर बाजारों के वर्तमान प्रबन्धन बोर्ड भारतीय प्रतिभूति और विनमय बोर्ड के निर्देशों को मानने में आनाकानी कर रहे हैं; और

(ग) इस स्थिति से निपटने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) यद्यपि भारतीय प्रतिभूति तथा एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) मौजूदा कानूनी ढांचे के अन्तर्गत कार्य कर रहा है, फिर भी "सेबी" को और कारगर ढंग से प्रतिभूति बाजार को नियंत्रित करने के लिए शक्तियां देने का प्रस्ताव है ।